# बार बार मैं तुम्हे पुकारू | By Mukesh Bagda

बार बार मैं तुम्हे पुकारू मेरे लखदातार
नैया हमारी श्याम आके लगाओ पार

सुना है मैंने श्याम बड़े तुम दानी हो
ऐसा सुन्दर रूप बड़े तुम शानी हो
तन केसरिया बागो सोहे कैसा है श्रृंगार
नैया हमारी श्याम आके लगाओ पार

अहिलवती के लाल माया तेरी न्यारी है
पूरो मन की आस भरोसो भारी है
अधबिच नैया डूब रही है पार करो करतार
नैया हमारी श्याम आके लगाओ पार

आलूसिंह जी भक्त बड़े तपधारी हैं
चरण नवावे शीश ये दुनिया सारी है
केसर तिलक लगावे थारे करे अजब श्रृंगार
नैया हमारी श्याम आके लगाओ पार

बंशीधर कर जोड़ चरण सिर नावे है
तेरी कृपा घनश्याम यो हर दम चाहवे है
चरण कमल को लियो आसरो तेरो ही आधार
नैया हमारी श्याम आके लगाओ पार

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%ac%e0%a4%be%e0%a4%b0-%e0%a4%ac%e0%a4%be%e0%a4%b0-%e0%a4%ae%e0%a5%88%e0%a4%82-%e0%a4%a4%e0%a5%81%e0%a4%ae%e0%a5%8d%e0%a4%b9%e0%a5%87-%e0%a4%aa%e0%a5%81%e0%a4%95%e0%a4%be%e0%a4%b0%e0%a5%82-by/